Title: Demanded that Nava Nalanda, Bihar, an organisation run under the Department of Culture, should appoint Dr. Bishnu Satypal to the post of the Director in the place of Dr. Rabindra Kumar Pant.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : सभापति महोदय, बिहार राज्य के नालंदा शहर में नव नालंदा बिहार एक संस्था है, जो भारत सरकार के कल्चर डिपार्टमैंट द्वारा चलाई जाती है। यह एक आटोनोम्स आर्गेनाइजेशन है। यहां डा. विणु सत्यपाल जी, डा. रविन्द्र कुमार पंत जी और डा. विमलेन्दु कुमार जी इन तीनों का निदेशक पद के लिए इंटरव्यू हुआ था। इनमें श्री विणु सत्यपाल जी बुद्धिस्ट थे, उसके बावजूद भी निदेशक पद पर उनकी नियुक्ति न करते हुए वहां डा. रविन्द्र कुमार पंत जी की नियुक्ति कर दी गई। मेरी सरकार से मांग है कि डा.विणु सत्यपाल जी इसमें सीनियर थे और वहां उनका अपाइंटमैंट होना चाहिए था। मगर जानबूझकर उन्हें अवॉइड करते हुए डा.रविन्द्र कुमार पंत जी का अपाइंटमैंट कर दिया गया। मेरी मांग है कि उन्हें बर्खास्त करके वहां डा. विणु सत्यपाल जी का अपाइंटमैंट किया जाए। मैं इस बारे में सरकार से जानना चाहता हूं, पार्लियामैंट्री अफेयर्स मिनिस्टर कहां हैं ।

श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) : माननीय गृह मंत्री जी बैठे हैं।

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : सभापति महोदय, हमें सरकार से रिप्लाई दिलवाइये।

सभापति महोदय : जीरो ऑवर में रिप्लाई नहीं मिलता है। आप बैठ जाइये।

श्री रामदास आठवले : सभापति महोदय, सरकार को रिस्पांड तो करना चाहिए।â€¦(व्यवधान)